ATE PLEASE READ CAREFULLY
परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें
nswer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll
 even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God,
rds, number other than the answer of question must not be written. Such
xamination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by
r which the candidate will be liable.
हीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं
YZ, ABC, अ
, आदि भी न
जाकर भविष्य

T INSTRU
nswer Bookl
 प्रश्नोत्तर पुस्ति
or not printed
tor and chan

 अमुद्रित है य
र्थी का होगा।
 on Cover Sh
educt 5 mark

कवर पृष्ठ पर स
आयोग द्वारा प्रा
in which som
ver Sheet is r
य सूचनाएँ पूर्वमु
क्षतिग्रस्त नहीं
ent units and

जत है। प्रत्येक

 either of pri
reated as star
द्रण या तथ्यात्म

glish, not in bo
ndi or English
 में दीजिये, दो
 अलग से हिंदी
rs only in the
 the border lin
किसी भी प्रश्न व
बाहर लिखे गये
swers beyond
 अधिक नहीं लि
stion out of n

का विकल्प दिया

PART - I

Paper Code

P-4

403015

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 50 | 29 |
| Unit-I-B | 50 | 18.5 |
| Unit-I-C | 20 | 9 |
| Unit-II-A-A | 10 | 6 |
| Unit-II-A-B | 2 | 1 |
| Unit-II-A-C | 1 | 0 |
| Unit-II-A-D | 2 | 1 |
| Unit-II-A-E | 2 | 2 |
| Unit-II-A-F | 2 | 0 |
| Unit-II-B-A | 10 | 2.75 |
| Unit-II-B-B | 10 | 1.25 |
| Unit-II-B-C | 10 | 3 |
| Unit-II-C | 30 | 9 |
| Unitt-II-A-C | 1 | 0 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 82.5 |
| Total Obt. Marks in Words | | Eighty Two+ ½ |

 प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
ारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
on shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

I[illegible]
N[illegible]
a[illegible]
a[illegible]
t[illegible]
p[illegible]
f[illegible]
a[illegible]
r[illegible]
c[illegible]

**CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY**

परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)**

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।


(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोट:**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**SPACE FOR ROUGH WORK**

[illegible]



[illegible]

# PAPER – IV
## GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

### Unit – I (यूनिट – I) सामान्य हिन्दी

(120 Marks)
(120 अंक)

### Part – A
भाग – अ

Marks : 50
अंक : 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
   (i) देवी + अवतरण = (ii) क्षीर + ओदन =
   (iii) नि + स्नात = (iv) दिक् + गज =

(i) देव्यवतरण (ii) क्षीरोदन
(iii) निस्स्नात (iv) दिग्गज

1(One)
(Q.Unit-I-A-1)

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए –
   (i) विक्रमाब्द = (ii) हृषीकेश =
   (iii) प्रमाण = (iv) कोणार्क =

(i) विक्रम + अब्द (ii) ऋषि + केश
(iii) प्र + मान (iv) कोण + अर्क

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-2)

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –

(i) तत् + मय = (ii) मातृ + आज्ञा =

(iii) प्रति + छाया = (iv) शरत् + ज्योत्स्ना =

(i) तन्मय (ii) मात्राज्ञा

(iii) प्रतिच्छाया (iv) शरज्ज्योत्स्ना

2(Two)
(Q.Unit-I-A-3)

4. निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो–दो शब्द बनाइए –

(i) औ =

(ii) अधि =

(i) औगुण, औघड़

(ii) अधित्यका, अधिमान

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-4)

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग पृथक् कीजिए –

(i) अभिज्ञ = (ii) पर्याय =

(iii) प्रतीक्षा = (iv) अत्यल्प =

(i) 'अ' (ii) 'परि'

(iii) 'प्रति' (iv) 'अति'.

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-5)

6. निम्नांकित प्रत्ययों का संयोग करते हुए दो–दो शब्द बनाइए –
(i) इल =
(ii) हार =

(i) रोमिल, जरिल
(ii) राखनहार, होनहार

2(Two)
(Q.Unit-I-A-6)

7. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक् कीजिए –
(i) श्रद्धालु =
(ii) कनौती =

(i) ~~श्रद्धा~~ श्रद्धा' (मूल शब्द), आलु (प्रत्यय)
(ii) कान (मूल शब्द), औती (प्रत्यय)

2(Two)
(Q.Unit-I-A-7)

8. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) पक्षी =
(ii) स्वर्ण =

(i) पक्षी – नभचर, विहग
(ii) स्वर्ण – कनक, कंचन

2(Two)
(Q.Unit-I-A-8)

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) सखी =
(ii) उन्नति =

(i) सखी - सहचरी, सजनी
(ii) उन्नति - उत्कर्ष, प्रगति

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-9)

10. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) दण्ड = (ii) ऋत =
(iii) समास = (iv) ग्राह्य =

(i) पुरस्कार (ii) अनृत
(iii) व्यास (iv) ~~ग्राह्य~~ त्याज्य

2(Two)
(Q.Unit-I-A-10)

11. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) विधिसम्मत = (ii) तिरस्कार =
(iii) संश्लेषण = (iv) अनिर्वचनीय =

(i) विधिविरुद्ध (ii) आदर/सम्मान
(iii) विश्लेषण (iv) निर्वचनीय

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-11)

12. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) षष्टि–षष्ठी = (ii) तर्क–तक्र =

(i) साठ (60 की गिनती) - छठी
(ii) बहस - छाछ

1(One)
(Q.Unit-I-A-12)

13. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) क्षति–क्षिति = (ii) आभरण–आमरण =

(i) हानि - पृथ्वी
(ii) आभूषण - मृत्युपर्यंत

2(Two)
(Q.Unit-I-A-13)

14. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) जो व्यक्ति बहुत बोलता हो
(ii) विरोध न होने पर भी विरोध दिखाई पड़ना

(i) वाचाल
(ii) छद्मविरोध

1(One)
(Q.Unit-I-A-14)

15. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) धरती का वह भाग जिस पर कुछ भी उत्पन्न नहीं होता
(ii) अपने प्रति किए गए उपकार को न मानने वाला

(i) बंजर / ऊसर
(ii) कृतघ्न

1(One) (Q.Unit-I-A-15)

16. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) प्रज्जवलित = (ii) गणमान =
(iii) भत्स्र्ना = (iv) नुपूर =

(i) प्रज्वलित (ii) गणमान्य
(iii) भर्त्सना (iv) नूपुर

1.5(One½) (Q.Unit-I-A-16)

17. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) चन्द्रमोली = (ii) संग्रहित =
(iii) सुश्रूषा = (iv) पशचाताप =

(i) चन्द्रमोलि (ii) संग्रहीत
(iii) शुश्रुषा (iv) पश्चाताप

1(One) (Q.Unit-I-A-17)

18. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को बाँट दिया।

(i) वसन्त में फूलों को खिलने से कौन रोक सकता है?
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन गरीबों में बाँट दिया

1(One)
(Q.Unit-I-A-18)

19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वह अपना भाग्य कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था तब घटी थी।

(i) वह अपने भाग्य को कोस रहा है।
(ii) ~~यह घटना जब~~
(ii) यह दुखद घटना, तब घटी थी जब कोरोना का प्रभाव चारों ओर था।

1(One)
(Q.Unit-I-A-19)

20. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) खेला खाया होना (ii) घर सिर पर उठाना

(i) राम ने प्रतियोगी परीक्षा के लिये, कड़ी मेहनत की लेकिन परीक्षा में पेपर आउट होने से उसके साथ) खेला खाया होना हो गया।
(ii) बच्चों में थोड़ी शक्कर खाली, इसको लेकर माँ ने घर को सिर पर उठा लिया।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-20)

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-20)

21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) बारह बाट होना (ii) धूल उड़ाना

(i) सुरेश से मिलने उसके मित्र दिल्ली से उसके घर आये, मगर सुरेश तो कब बारह बाट हो रहा था, घर पर ही नही आया।

(ii) धूल उड़ाने से कोई सफलता नही मिलेगी, ~~बल्कि~~ बल्कि परिश्रम करके ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-21)

22. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) भेड़ की लात घुटने तक
(ii) घर के पीरों को तेल का मलीदा

(i) विजय बहुत ताकतवर है, एक दिन मितेश विजय से झगड़ा करके चला गया लेकिन विजय ने उसे कुछ नही कहा क्योंकि उसको पता है भेड़ की लात घुटनों तक ही रहती है

(ii) अपने घर के [illegible] लोगों का महत्व कम होता है, इसलिए कहाँ गया है – घर के पीरों को तेल का मलीदा। → घर के बुद्धिमान लोगों का महत्व घर में बहुत कम होता है, इसलिए कहा गया है – घर के पीरों को तेल का मलीदा

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-22)

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
(ii) नानी कुँआरी मर गयी, नवासे के नौ–नौ ब्याह।

(i) हमें अपने कार्य को स्वयं ही करना चाहिए, किसी पर विश्वास करना चाहिए क्योंकि 'ओछे की प्रीत, बालू की भीत' से सावधान रहना चाहिए।

(ii) सुरेश के घर में इतनी गरीबी है लेकिन उसके शौक नवाबों जैसे है, यह तो वही बात हुई कि नानी कुँआरी मर गयी और नवासे के नौ-नौ ब्याह।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-23)

24. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) JUDICIAL ENQUIRY (ii) RANDOM

(i) न्यायिक पूछताछ ✗

(ii) यादृच्छिक

1(One)
(Q.Unit-I-A-24)

25. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) TRANSCRIPTION (ii) OVERSIGHT

(i) विवरण ✗

(ii) आधिनिर्णय ✗

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-25)

## Part – B
## भाग – ब

Marks : 50
अंक : 50

1. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए –

साहित्य और वाङ्मय से जो कुछ हमें प्राप्त होता है वह मानसिक समृद्धि है, मानसिक स्वास्थ्य है, मानसिक संस्कृति है। साहित्य हमारे मन की निरंतर चिकित्सा करता रहता है, निरंतर कर्षित–परिष्कृत करता रहता है और उसमें निरंतर प्राणबीज उगाता रहता है। हमारी सारी सप्राणता को जाग्रत और चिर युवा रखना या उसे क्षयग्रस्त–कामलुब्ध विकल रखना, दोनों की क्षमता साहित्य और वाङ्मय के पास है। इसका सदुपयोग हो तो यह एक अपूर्व मानसिक चिकित्सा है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानो ऋतंभर मानस–ज्योतियों को तैल–समर्पण है। साहित्य और वाङ्मय एक मानसिक ऋद्धि के स्रोत हैं। युग के हृदय में तह पर बैठी निराशा के भीतर पॉल वालेरी ने गहराई से उतर कर देखा था। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा है, "वाङ्मय एवं वाङ्मय के पंडितों की नियति कोई मामूली प्रश्न नहीं, क्योंकि इस 'नियति' से जुड़ी है संपूर्ण मनुष्य जाति के मन की 'नियति'। साहित्य और वाङ्मय के तिरस्कार का सीधा अर्थ होगा मनुष्य के मन का तिरस्कार और फलतः एक अपमानवीकरण।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-B-1)

शीर्षक : साहित्य और इसका महत्व

साहित्य और वाङ्मय हमारे मानसिक समृद्धि, मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संस्कृति का स्रोत है। साहित्य हमेशा हमारा परिष्करण एवं हमें उत्साही एवं साहित्य एवं युवा बनाये रखने में मदद करता है। साहित्य के अभाव में मनुष्य के मन का अनादर है।

(शब्द सीमा - 32 शब्द)

3(Three)
(Q.Unit-I-B-1)

2. निम्नांकित पंक्ति का भाव–विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10
'हिंसा बुरी चीज़ है पर दासता उससे भी बुरी है।'

'हिंसा बुरी चीज है पर दासता उससे भी बुरी'

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जीवन भर सत्य एवं अहिंसा पर बल दिया और अपने नेतृत्व में स्वतंत्रता आन्दोलन में भी अहिंसा का प्रयोग किया। लेकीन जब उनसे पूछा गया कि बापू हिंसा और दासता में से किसी को चुनना होतो आपका जवाब क्या होगा, गाँधीजी ने कहा मैं हिंसा को चुनुगाँ क्योंकि दासता में व्यक्ति स्वतंत्र नही रहता है. और उसे घोर यातनाएँ दी जाती है, जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण एवं नैतिक विकास हो गया है।

यही कारण है कि भारत को स्वतंत्रता भले ही बिभिन्न प्रयासों एवं विचारधाराओं के संघर्ष से मिली लेकीन जिन शूरवीरों ने अपनी जान की आहुति देश को आजाद कराने में लगा दी। आज भारत के युवा शहीद-ए-आजम भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल आदि क्रांतिकारियों को अपना आदर्श मानते है क्योंकि इन क्रांतिकारियों ने शोषणकारी दासता से मुक्ति पाने के लिये साधन के रूप हिंसा को

अपनाया क्योंकि वे जानते थे कि हिंसा बुरी चीज है लेकिन दासता इससे भी बुरी है।

अतः व्यक्ति को यदि दासता और हिंसा में से किसी एक चुनना है तो हिंसा को चुनना चाहिए। क्योंकि दासता में आप पर हिंसा का प्रयोग किया जायेगा एवं आपका शोषण किया जायेगा और एक बार दासता से मुक्त होने पर व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है।

अतः स्पष्ट है कि दासता हिंसा से भी बुरी चीज है।

4(Four)
(Q Unit-I-B-2)

3. जिला कलेक्टर, जैसलमेर की ओर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार को एक पत्र लिखें, जिसमें जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर–संयंत्र विषयक विवरण हो। अंक 10

राजस्थान सरकार
कार्यालय, जिला कलेक्टर, जैसलमेर

क्र: प 1(5) /कालेक्ट/जैसल/2022/90 दिनांक: 2 मार्च, 2022

सेवा में,

श्रीमान शासन सचिव महोदय,
ऊर्जा विभाग, जयपुर,
राजस्थान सरकार।

विषय: जैसलमेर जिले में सोलर संयत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जैसलमेर जिले के नोख में स्थापित सोलर-संयत्र में प्रतिदिन सौर ऊर्जा की मात्रा 20 मेगावाट होती थी। इस संयत्र से नोख के आस-पास के गाँवों के साथ सरकारी कार्यालयों एवं विभागों को विद्युत आपूर्ति होती थी।

पिछले 10 दिनों से संयंत्र में कुछ तकनीकी खराबी हो जाने के कारण विद्युत का उत्पादन 20 मेगावाट से घटकर 10 मेगावाट हो गया है। जिसके कारण आस-पास के गाँवों में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है। साथ ही सरकारी कार्यालयों का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

अतः आपसे निवेदन है कि एक टीम भेजकर सौलर संयंत्र में आयी तकनीकी खराबी को ठीक किया जा सके और क्षेत्र में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति हो पाये।

सादर !

भवदीय
(क ख ग)
जिला कलेक्टर, जैसलमेर

क्र. 9215)/कनिष्ठ/जैसल/2022/90-92 दिनांक: 22 मार्च, 2022

प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है-

(i) निजी सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार
(ii) सचिव, माननीय ऊर्जा मंत्री, राजस्थान सरकार
(iii) रक्षित पत्रावली

(क ख ग)
जिला कलेक्टर
जैसलमेर

5(Five)
(Q.Unit-I-B-3)

4. नगर विकास न्यास, भरतपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनवाने के लिए निविदा सूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। अंक 10

कार्यालय, अधिशाषी अभियंता,
नगर विकास न्यास, भरतपुर

क्र.: प 1(4)/कानम/नविन/निविदा/2022/05 दिनांक: 2 मार्च, 2022

निविदा सूचना संख्या 05/2022

कार्यालय, अधिशाषी अभियंता, नगर विकास न्यास, भरतपुर की ओर से सेवर के पास पुलिया निर्माण के लिए मोहरबन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 1 अप्रैल, 2022 को प्रातः 11:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र में आवश्यक सूचनाएँ एवं पूर्ण प्रविष्टियाँ भरकर पूर्ण करके कार्यालय में 5 अप्रैल, 2022 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा करायी जा सकेगी। निविदा से सम्बन्धित कार्यक्रम या निविदा सम्बन्धी सामग्री से प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रारूप निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | लम्बाई | चौड़ाई | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेवर के पास नाले पर पुलिया का निर्माण करना | 0.5 किलोमीटर | 50 मीटर | 10 लाख रूपये | 10,000 रूपये | 2 माह |

शर्तें - (i) विलम्ब से प्राप्त निविदाएँ, तार द्वारा प्राप्त निविदाएँ मान्य नहीं होगी।
(ii) निविदा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।
(iii) एक निविदा या सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
(iv) किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भरतपुर होगा।

~~ध्यक्ष~~ (नाम)
अधिशाषी अभियंता

5(Five)
(Q.Unit-I-B-4)

5. दिए गए अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए –

अंक 10

A language is something infinitely greater than grammar and philology. It is the poetic testament of the genius of a race and a culture and the living embodiment of the thoughts and fancies that have moulded them. Words change their meaning from age to age and old ideas transform themselves into new, often keeping their attire. It is difficult to capture the meaning, much less the spirit, of an old word or phrase.

एक भाषा, उसके व्याकरण एवं फिलोलॉजी की तुलना में बहुत विस्तृत होती है। भाषा प्रजाति, संस्कृति और उसके सोचने के तरीके और अपने आपको का अभिव्यक्ति करने का माध्यम होती है। भाषा के शब्दों का में समय-समय में परिवर्तन आता है परन्तु पुराने विचारों की महत्ता कम नहीं होती। पुराने शब्दों, कहावतों का अर्थ समझना काफी कठिन होता है।

0 (Zero)

(Q.Unit-I-B-5)

Part – C
भाग – स

Marks : 20
अंक : 20

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – अंक : 20

(1) राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव
(2) सोशल मीडिया बनाम निजता
(3) प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग : दशा और दिशा

सोशल मीडिया बनाम निजता

वर्तमान में विरला कोई व्यक्ति होगा जो सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग नहीं करता होगा। सोशल मीडिया हमारी जीवन शैली का एक अंग बन गया है। इसके माध्यम से हम हमारे दैनिक कार्यों को भी सम्पादित करते हैं। इसके कुछ फायदे भी हैं तो कुछ नुकसान भी हैं, परन्तु इनमें सबसे बड़ी चुनौति है- सोशल मीडिया से निजता की सुरक्षा को सुनिश्चित करना।

सोशल मीडिया का आशय ऐसे साइट्स है, जिसके माध्यम से लोग अपनी रूचि के अनुसार लोगों से सम्बन्ध बनाते हैं। साथ ही अपने कई दैनिक कार्यों का सम्पादन भी करते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों का जुड़ाव सरकार से आसानी से हो जाता है एवं नागरिक सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में जान पाते हैं और उनका आलोचनात्मक परीक्षण भी कर पाते हैं। यह साइट्स व्यक्तियों

को अपने विचार व्यक्त करने के लिये मंच उपलब्ध कराती है इन साइट्स के माध्यम से कोई व्यक्ति अपने हुनर को आगे बढ़ा सकता है एवं कोई व्यापारी इनके माध्यम से अपने उत्पादों की मार्केटिंग कर सकता है। सोशल मीडिया का कोविड-19 महामारी के दौरान मरीजों को सहायता पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस प्रकार सोशल मीडिया लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिये सहायक है।

परन्तु सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग करने हेतु इन साइट्स द्वारा व्यक्तियों की निजी जानकारियाँ भरवाई जाती है और इन सोशल मीडिया साइट्स का सर्वर/भण्डारण भारत में न होकर विदेशों में होता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय निजता के अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिये ~~मूल~~ मौलिक अधिकार ~~मानता~~ माना है।

परन्तु भारत के नागरिकों की निजी जानकारियों जैसे - मोबाइल नं., फोटो, वीडियो आदि तक सोशल मीडिया साइट्स की पहुँच होती है। इन साइट्स द्वारा नागरिकों की निजी जानकारियों को वाणिज्यिक कम्पनियों को बेचकर काफी लाभ कमाया जाता है और फिर

इन व्यावसायिक कम्पनियों द्वारा लोगों को बार-बार अनचाहे संदेश भेजकर परेशान किया जाता है।

भारत में डेटा की सुरक्षा को लेकर कोई स्पष्ट कानून एवं तन्त्र नहीं है, जिसके कारण इन सोशल साइट्स द्वारा डेटा का भण्डारण विदेशों में स्थित अपने सर्वर पर भण्डारित किया जाता है, जिस पर भारत सरकार का कोई नियन्त्रण नहीं होता।

भारत सरकार ने डेटा का भण्डारण भारत में ही करने एवं लोगों की निजता को सुरक्षित करने के लिये व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 को लोकसभा में पेश किया है। हाल ही में निजता के संदर्भ में एवं इन सोशल मीडिया साइट्स पर नियन्त्रण करने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थाओं के लिये दिशा-निर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 अधिसूचित किये हैं।

अत: वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के कारण नागरिकों की निजता को सुरक्षित करना अत्यंत जरूरी हो गया है। ~~इसके पहले संबंध~~ निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके लिये आवश्यक है कि पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 को अविलम्ब पारित

करके लागू किया जाये। साथ ही डेटा का भण्डारण भारत में ही और लोगों की निजता से सम्बन्धित शिकायतों के समयबद्ध निवारण हेतु लिये एक मजबूत तंत्र विकसित किया जाना चाहिए, तभी ही नागरिकों की निजता सुरक्षित हो पायेगी।

9(Nine)
(Q.Unit-I-C-1)

Paper-IV



(Unit – II)
(यूनिट – II)

(80 Marks)
(80 अंक)

## General English

### Part – A

Marks : 20

**Note:** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. 1-10)
Marks : 10

1. Italy is an European country.

Italy is a European country.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-1)

2. Ramesh Gupta is a M.B.B.S.

Ramesh Gupta is an M.B.B.S.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-2)

3. The island was uninhabited except of sheep.

The island was uninhabing excep of sheep.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-3)

4. Divide the money between you all.

Divide the money among you all

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-4)

5. Did Sohan scratched your card?

was Sohan scratched yous Card?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-5)

6. 120 miles are too far to travel.

120 miles ~~to~~ is too far to trave

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-6)

7. May it snow this far South?

Might it snow this far south?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-7)

8. Let her told to wait here.

~~let her~~ ~~Let her Said to wait~~

Let her told to wait there.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-8)

9. I asked her as to whether she would have a cup of tea.

I asked her whether she would have a cup of tea.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-9)

10. What you would like to drink?

What would you like to drink?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-10)

(B) Choose the word similar in meaning (Q. No. **11-12**) **2 × 1**

11. Insolent

rude/polite

polite

12. Endorse

discredit/approve

approve

(C) Choose the word opposite in meaning (Q. No. **13-14**) **2 × 1**

13. Discreet

prudent/obtrusive

prudent

14. Deft

expert/amateur

expert

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-B-11)

1(One)
(Q.Unit-II-A-B-12)

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-C-13)

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-C-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence (Q. No. **15-16**) **2 × 1**

15. The army got discouraged and gave in/gave upon before the opponents.

The army got discouraged and gave in ~~befor~~ before the opponents.

1(One) (Q.Unit-II-A-D-15)

16. I am going to have a catnap/dognap while you are cooking lunch.

I am going to hav dognap while you are cooking lunch.

0 (Zero) (Q.Unit-II-A-D-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences (Q. No. **17-18**) **2 × 1**

17. He was sitting besides/beside me when I was eating the cake.

He was sitting beside me when I was eating the Cake.

1(One) (Q.Unit-II-A-E-17)

18. He was confidant/confident that he would clear his exam.

He was confident that he would clear ~~H~~ his exam.

1(One) (Q.Unit-II-A-E-18)

(F) Write a one-word substitute for the following expressions (Q. No. 19-20) 2×1

19. A diplomatic representative of a country to another country.

Diplomate

0 (Zero)

(Q.Unit-II-A-F-19)

20. Showing independence in thoughts or actions.

Liberal

0 (Zero)

(Q.Unit-II-A-F-20)

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow – (Q. No. 21-25)

**Mark : 5 × 2 = 10**

The thoughtless, the ignorant and the indolent seeing only the apparent effect of things and not the things themselves talk of luck of fortunes and chance.

Seeing a man grow rich they say "How lucky he is!" Observing another become intellectual they exclaim, "How highly favoured he is!" And noting the saintly character and wide influence of someone else they remark, "How chance aids him at every turn!" They do not see the trials and failures and struggles which these men have voluntarily encountered in order to gain their experience, have no knowledge of the sacrifices they have made, of the undaunted efforts they have put forth, of the faith they have exercised that they might overcome the apparently insurmountable and realise the vision of their heart. They do not know the darkness and the heartaches, they only see the light and joy; do not see the long and arduous journey but only behold the pleasant goal and call it "good fortune"; do not understand the process but only perceive the results and call it "chance".

In all human affairs there are efforts and there are results and the strength of effort is the measure of the result. Chance is not. Gifts, powers, material, intellectual and spiritual possessions are the fruits of effort – they are thoughts completed, objects accomplished, visions realized.

21. Which people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance?

The thoughtless, the ignorant and the indolent Seeing the apparent effects of thing, talk of luck, fortune and chance.

1(One)
(Q.Unit-II-B-A-21)

22. When do such people consider luck and chance to favour an individual?

Such people consider luk and chance to favour ~~ore~~ an individual when they grow rich.

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-II-B-A-22)

23. What is needed to realize the vision of the heart?

The trails, failures and struggle, experience, insurmountable are needed to relize the Vision of the heart.

1(One)
(Q.Unit-II-B-A-23)

24. What is the connection between efforts and results as stated in the passage?

The connection between efforts and results is ~~hardwork~~ failures and struggle is key of success.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-24)

25. Find a word in the passage that has the same meaning as the following:

Not intimidated or discouraged by difficulty, danger or disappointed.

~~Pleasant~~

Pleasant

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-25)

(B) Translate the following sentences into English (Q. No. 26-30) **Marks 5 × 2 = 10**

26. बाल अपचारियों के पुनर्वसन के लिए सक्रिय न्यायिक एवं सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

~~Active and Judicial~~

Active judicial and social efforts need for Rehabatetion of Child offender.

1(One)
(Q.Unit-II-B-B-26)

27. मैं अब भी तुम्हारे साथ होने से ज्यादा खुश होना नहीं जानता।

I do not ~~not~~ know to be very happy ~~with~~ live with you yet.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-27)

28. उत्तर पुस्तिका में यथासंभव संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग ना करें व पूर्णरूप लिखें।

~~As per~~ Do not use Small letters in answer sheet,

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-28)

29. कवि ने उर्मिला के चरित्र में एक स्त्री के दर्द एवं विरह की वेदना को बहुत सुन्दरता से ऊकेरा है।

The poet paints pain of a lady and Sorrow of disconnected in charchter of Urmila.

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-II-B-B-29)

30. विद्यार्थियों के असंतोष से उत्पन्न अनुशासनहीनता का कारण उनकी यह भावना है कि उनके विचारों और आकांक्षाओं की बहुधा उपेक्षा की जाती है।

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-30)

(C) Make a precis of the following passage in about one-third of its length. **Marks 10**

31. We have heard about the term 'Cryptocurrency' which is blooming in the investment market today. This digital currency is taking the world to a new direction. According to a market research company more than 13,000 different cryptocurrencies exist in the world - to mention

a few names – Bitcoin, Ethereum, Cardano, Tether and the likes of them. Different countries have their different opinions on cryptocurrency. What exactly is cryptocurrency? It is a virtual currency which means it does not exist physically like other currencies. The word crypto currency is actually derived from the technique which is used to encrypt the network. One needs a 'wallet' an online app to hold the currency. There are two ways to gain it - by online investing or by mining cryptocurrency. Various countries have accepted cryptocurrency as legal tender, others have banned it. The rules for cryptocurrency are not very clear in India but talks are underway to recognize it.

Title : Cryptocurrency

Cryptocarsency is a Digital currency. Source of gaining cryptocurrency is online investing and by mining Cryptocurrency. Cryptocurrency is very secure currency like-Bitcoine. Views of countries on Cryptocurrency are different. Some countries are accepting Cryptocurrency. But India have not clear rule about cryptocurrency.

3(Three)
(Q.Unit-II-B-C-31)

## Part – C

**Marks : 30**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words. **Marks 10**

1. The 'Work-from-Home' culture
2. Freedom of Speech and Democracy
3. Impact of Modern Technology on Farming

Freedom of speech and Democracy.

"Freedom is life air of ~~the~~ Humman."

Arvindo

Rights is very necessery for a Humman to develop their personallity.

Our Constitution gives us many fundamental Right. But freedom of speech is a most fundamental Right in all Rights. By the freedom of speech, we Convey our thoughts to others. Freedom speech is a basic needs in this time of Information Technology era.

Some rastication can be imposed on the right of freedom speech like Secusity, Intigrity of India, public Health, Low & order.

Therefore use of rights of Speech is very Carefully.

The judicary protect our right of freedom of speech.

By the freedom of speech a man Can express his thoughts without and hegitation. freedom of speech gives us to express ourselvess.

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-C-32)

33. Elaborate any one of the following themes in approximately **150** words. **Marks 10**

1. Child is the father of man.
2. Sweet are the uses of adversity.
3. No man should be condemned unheard.

Child is the fathes of man.

~~A Child is~~

A child is a innocent and cute. The child has many qualities like-

Intigrity, honesty, ~~@~~ sensitivity, pure Heart, Innovation etc....

Man can lurn some ~~p~~ 'attribute from child. Child always says truth. Child does not ~~kim~~ loose him confident in the problem. A child always do new something.

A child cannot lie. from the child a man ~~lea~~ can larne to tell truth. We can lurn from child to ~~try try again~~ achieve of goals by continous efforts.

A man can lurn many atrributes from the child therefore It is said 'Child is the father of man'

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-C-33)

34. Write a letter to the Joint Secretary, Department of Labour Welfare drawing attention to the govt. policy regarding 'no work no pay' complaining about the bank employees who went on strike on 20th, 21st & 22nd, January. (**150** words) **Marks 10**

**OR**

Write a report on the research you have done on 'Industrial Waste Disposal' in your city in about **150** words.

Examination Hall
Bharat pur
March 22nd, 2022

~~To~~

~~The Joint se~~

To

The Joint secetary
Department of labour walefare.
Jaipur.

Subject: About strike of bank employees.

Respected Sir,

Referance to the above mention subject, I would to draw your kind attention on the bank employees, who went on strike on 20th, 21st and 22nd. January. Last month, The Goverment of Rajsthan has annocced 'no work, no pay policy. The Bank employees are not happy to this policy.

Therefore the ~~Law~~ Low and order Can breach to this strike. ~~Ple~~ Some sugestion are placed here to deal with this strike.

(i) Committee Should be stablished to review for this policy.
(ii) Police force is increse in Bharatpur city

We hope that, You will into this matter earnestly and no leave storn Unturned to redress our problem.

Thanking You

Yours faithfully

ABC

Bharatpur

4(Four)
(Q.Unit-II-C-34)